संख्या-208/2016/आर-5714/26-3-2016

प्रेषक,

सुनील कुमार श्रीवास्तव
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1- निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ।

2-निदेशक,
जनजाति विकास विभाग
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊःदिनांकः 30 नवम्बर 2016

विषयः- समाज कल्याण विभाग/जनजाति विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन स्तर पर सम्यक्विचारोपरान्त समाज कल्याण विभाग एवं जनजाति विकास विभाग के अधीन संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का नाम परिवर्तित कर तात्कालिक प्रभाव से "जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय" किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- अतएव उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

सुनील कुमार श्रीवास्तव
विशेष सचिव

पृ0सं0 208/2016/आर-5714(1)/26-3-2016-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, वित्त/मा0 शिक्षा/बेसिक शिक्षा विभाग/नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0लखनऊ।
7- गार्ड फाइल

आज्ञा से

कामता प्रसाद
अनुसचिव

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in